**राजस्थान सरकार**

**कार्यालय संयुक्त निदेशक राज्य बीमा एव प्रावधायी निधि विभाग, सचिवालय जयपुर**

क्रमांक :–प. ( )/सचिवालय/भण्डार/कम्प्यूटर क्रय/2021–22/1003 दिनांकः– 17.2.2022

**–:: निविदा (सीमित) सूचनासंख्या –01/2021–22 ::–**

कार्यालय संयुक्त निदेशक राज्य बीमा एव प्रावधायी निधि विभागसचिवालय, एसएसओ भवन, द्वितीय तल, कमरा नं. 8227 जयपुर के लिए उपयोग हेतु डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम, स्केनर एंव प्रिन्टर वित्तीय वर्ष 2021–22 में क्रय करने के लिए भारत सरकार/राज्य सरकार के अधिकृत विभाग से पंजीकृत/रजिस्टर्ड उत्पादन कर्ता फर्म/अधिकृत डीलर्स/अनुभवी संस्थाओं/कम्पनी/एजेन्सीज से सील बन्द लिफाफे में तकनीकी एवं वित्तीय निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 स0 | विवरण | मात्रा | अनुमानित राशि | स्पेशिफिकेशन्स् |
|---|---|---|---|---|
| 1 | DESKTOP COMPUTER i5 | 02 | 100000/- | संलग्न परिशिष्ठ–स के अनुसार |
| 2 | SCANNER | 01 | 45000/- | |
| 3 | PRINTER INKJET MONOCHROME | 01 | 20000/- | |

1 निविदा प्रपत्र/शर्तों में डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम, स्केनर एंव प्रिन्टर की आपूर्ति एंव इंस्टालेशन का पूर्ण विवरण अंकित किया गया है। उक्त निविदा प्रपत्र मय शर्तों एवं स्पेशिफिकेशन किसी भी कार्यालय दिवस में दिनांक 16/02/2022 सांय 1.00 बजे तक इस कार्यालय के कमरा नं. 8227 से प्राप्त किये जा सकते है या विभागीय वेब साइट**www.sipf.rajasthan.gov.in**से अथवा राज्य लोक उपापन पोर्टल**(http://sppp.raj.nic.in)** से भी डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकते है।

2 निविदाएं निर्धारित प्रपत्र में भरकर **दिनांक 24/02/2022 को सांय 01:30 बजे तक** प्रस्तुत की जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष दिनांक **24/02/2022 को सांय 03:00 बजे** उपापन समिति के द्वारा खोला जावेगा। विलम्ब से प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

3 निविदा को बिनाकारण बताए निरस्त करने का अधिकार संयुक्त निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग , सचिवालय जयपुर को होगा।

**संयुक्त निदेशक**
**राज्य बीमा एव प्रावधायी निधि विभाग,**
**सचिवालय, शहर**

परिशिष्ट–अ

**राजस्थान सरकार**
**कार्यालय संयुक्त निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, सचिवालय जयपुर**

**निविदा प्रपत्र**

**कार्यालय संयुक्त निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, सचिवालय जयपुर के लिये डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम,स्केनर एंव प्रिन्टर क्रय हेतु निविदा प्रपत्र**

1 निविदादाता का नाम व पूर्ण पता : ..........................................................................

..........................................................................

2 निविदा सूचना क्रमांक : ..........................................................................

3. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय : ..........................................................................

4. राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 / इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 / इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत फर्म का रस्ट्रिेशन नम्बरः–...............................

5. जीएसटी पंजीयन क्रमांक (नियमानुसार) : ..........................................................................

6. फर्म का पैन कार्ड नम्बर : ..........................................................................

मुझे इस निविदा की संलग्न समस्त शर्ते मंजूर है।

**निविदादाता के हस्ताक्षर**
**नाम व पूरा पता**

परिशिष्ट –ब

राजस्थान सरकार

# कार्यालय संयुक्त निदेशक राज्य बीमा एव प्रावधायी निधि विभाग, सचिवालय,जयपुर

**डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम,स्केनर एंव प्रिन्टर क्रय हेतु निविदा की शर्तेः–**

निविदादाता को इन शर्तो को सावधानी पूर्वक पढ़ना चाहिये तथा अपनी निविदायें भेजते समय इनकी पूर्णरूपेण पालना करनी चाहिए।

**(अ) पात्रता(Eligibility Criteria)**जो अनिवार्य है, के अभाव में निविदा निरस्त मानी जावेगी।

1–राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958/इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अर्न्तगत/इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत फर्म का रस्ट्रिेशन प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

2–**संयुक्त निदेशकराज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, सचिवालय कार्यालय में** डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम, स्केनर एंव प्रिन्टर क्रय के लिये सील बन्द लिफाफा में निविदाप्रस्तुत करनी होगी। लिफाफा पर " **डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम, स्केनर एंव प्रिन्टर क्रय हेतु निविदा** "लिखा जाना आवश्यक है। ऐसा नहीं करने की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।

**3**–निविदा लिफाफे में निम्न प्रपत्र रखें जावेंगेः–

(क) राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958/इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 केअर्न्तगत/इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत फर्म का रस्ट्रिेशन प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

(ख) फर्म का पैन कार्ड नम्बर के दस्तावेज।

(ग) जीएसटी पंजीयन का प्रमाण पत्र (नियमानुसार)।

(घ)किसी राजकीय संस्था/विभाग से ब्लेक लिस्टेड नहीं होंने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।प्रमाण पत्र सेल्फ अटेस्टेड किया जायेगा।

(ड.) वित्तीय बिड प्रस्तुत की जावेगी। जिसमें निविदादाता को वित्तीय दरों को अंकों में एवं शब्दों में अलग–अलग आईटम्स के सामने अंकित करनी होगी।

4–निविदा का सीलबंद लिफाफा **संयुक्त निदेशक राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, सचिवालय जयपुर** के नाम होना चाहिए, साथ ही फर्म का नाम दूरभाष/मोबाइल नम्बर भी अंकित होना आवश्यक है।

5–दिनांक **24/02/2022 को सांय 01:30 बजे तक** प्राप्त निविदाओं को दिनांक **24/02/2022 को सायंः 03:00 बजे** निविदाओं के लिफाफो को खोला जावेगा। डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम,स्केनर एंव प्रिन्टर क्रय की निविदा के फार्म, निविदा शर्तों सहित निविदा प्रकाशन तिथि से किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में कार्यालय संयुक्त निदेशक राज्य बीमा एव प्रावधायी निधि विभाग, सविवालय जयपुर के कमरा नम्बर 8227 से प्राप्त किये जा सकते है।

6–तकनीकी परीक्षण के दौरान डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम,स्केनर एंव प्रिन्टर का डेमो प्रस्तुतीकरण करने के लिए भी निविदादाताओं को बुलाया जा सकता है और बुलाये जाने की स्थिति में उन्हें निर्धारित दिनांक व समय पर उपस्थित होकर ऐसा प्रस्तुतीकरण करना होगा, जिसके लिये किसी प्रकार के प्रस्तुतीकरण उपकरण आदि की व्यवस्था कार्यालय संयुक्त निदेशक राज्य बीमा एवं

प्रावधायी निधि विभाग, सचिवालय जयपुर द्वारा नहीं कराई जावेगी, न ही किसी प्रकार के खर्चे का पुनर्भरण किया जायेगा। समस्त प्रस्तुतीकरण निविदादाता स्वयं के खर्चे पर करेगा।

**(ब) सामान्य शर्ते :–**

1–स्वीकृत दरों के अलावा अन्य कोई व्यय देय नहीं होगा।

2–फर्म को राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राज.लोक उपापन नियम 2013 की सभी शर्तों एवं नियमों की पालना करनी होगी । फर्म द्वारा उक्त डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम, स्केनर एंव प्रिन्टर की समय पर आपूर्ती नहीं करने पर नियमानुसार क्षतिपूर्ति राशि (एल.डी.) काटी जायेगी।

3- निविदा प्रपत्र में सुपुर्दगी के लिए विनिर्दिष्ट समय को संविदा के सार रूप में समझा जावेगा तथा सफल निविदा दाता क्रेता अधिकारी से स्पष्ट आदेश के प्राप्त होने से अवधि के भीतर सप्लाई करेगा।

4- परिनिर्धारित क्षति के साथ सुपुर्दगी अवधि में वृद्धि करने के मामले में वसूली निम्न लिखित प्रतिशतता के आधार पर उन स्टोर के मूल्यों के लिए की जाएगी जिनकी निविदा दाता सप्लाई करने में असफल रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| क– | विहित सुपुर्दगी अवधि की एक चौथाई अवधि तक के विलम्ब के लिए | 2.5 प्रतिशत |
| ख– | चौथाई अवधि से अधिक किन्तु विहित अवधि की आधी अवधि से अधिक के लिए | 5.0 प्रतिशत |
| ग– | आधी अवधि से अधिक किन्तु विहित अवधि के 3 चौथाई से अनधिक अवधि के विलम्ब के लिए | 7.5 प्रतिशत |
| घ– | विहित अवधि की 3 चौथाई से अधिक के विलम्ब के लिए | 10.0 प्रतिशत |

I- विलम्ब की अवधि में आधे दिन से कम भाग को छोड दिया जायेगा।

II- परिनिर्धारित क्षति की अधिकतम राशि 10 प्रतिशत होगी।

5–समस्त दरें स्याही से अथवा टंकण द्वारा भरी होनी चाहिये। पेंसिल या अन्य वस्तुओं से भरी गयी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा बन्द एवं शील्ड लिफाफे में ही भेजी जानी चाहिये।

6–निविदा में दी गयी दर किसी भी परिस्थिति में बदली नहीं जायेगी। दरों का इन्द्राज अंकों के साथ–साथ शब्दों में भी किया जाना आवश्यक है।

7–विभाग किसी भी निविदा को स्वीकृत करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है। यह आवश्यक नहीं है कि वह निम्न दर वाली निविदा को ही स्वीकार करें। वह किसी भी निविदा को उसके कारणों को बताये बिना रद्द कर सकता है।

8–निविदादाता को संलग्न सभी प्रमाण–पत्र स्वप्रमाणित से प्रमाणित कर प्रस्तुत करने होगे।

9–सफल निविदादाता को कार्य आदेश के जारी करने के तीन दिवस में **नियमानुसार** नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना होगा। ऐसा नहीं करने पर उनकी दरें निरस्त कर दी जावेगी।

10–अनुबंधित फर्म डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम एंव लेजर प्रिन्टर(एम.एफ.पी.)क्रय का ठेका अन्य किसी दूसरी फर्म को **सबलेट नहीं करेगी।** अगर अनुबंधित फर्म द्वारा सबलेट किया गया तो अनुबन्ध निरस्त कर दिया जावेगा।

11– डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम,स्केनर एंव प्रिन्टर के इंस्टांलेशन का कार्य संयुक्त निदेशक, राज्य बीमा एव प्रावधायी निधि विभाग, सचिवालय तथा प्रभारी अधिकारी की देखरेख में निर्देशानुसार करना होगा।

12–सफल निविदादाता द्वारा डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम,स्केनर एंव प्रिन्टर की आपूर्ती/अनुबंध करने के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा एवं बिल से नियमानुसार जी.एस.टी. काटा जावेगा।

14–फर्म द्वारा डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम, स्केनर एंव प्रिन्टर की दी गई दरों में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की राशि सम्मिलित करते हुए दरें प्रस्तुत करनी होगी। उक्त कर ना जमा कराने की स्थिति में पूरी जिम्मेदारी संवदेक की होगी।

15– डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम,स्केनर एंव प्रिन्टर इंस्टालमेंट के समय लगाये जाने वाले इंजीनियरों के आचरण एवं उसके द्वारा किये गये कार्य के लिये पूर्णरूप से अनुबंधित फर्म जिम्मेदार होगी।

16–किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर **संयुक्त निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, सचिवालय जयपुर** द्वारालिया गया निर्णय अन्तिम होगा, जिसे अनुबंधित फर्म को मानना होगा।

17–सभी विवादों का न्यायक्षेत्र जयपुर होगा।

18– डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम,स्केनर एंव प्रिन्टर आपूर्ती की वारंटी अवधि में प्राप्त शिकायत का इन्द्राज कर फर्म से कार्य कराया जायेगा तथा इसकी मोनेटरिंग सिस्टम अनुभाग/सूचना सहायक द्वारा की जायेगी।

19–विभाग से डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम, स्केनर एंव प्रिन्टर वारंटी अवधि में ठीक करने हेतु बाहर ले जाने पर स्टोर से गेटपास लेना होगा।

20–अनुबंधित फर्म द्वारा किसी भी शर्त का उल्लंघन किया जाता है या प्रशासन के निर्देशों की पालना नहीं की जाती है तो अनुबन्ध को भंग करना माना जावेगा तथा ऐसी स्थिति में **संविदा** समाप्त कर आवश्यक कार्यवाही का पूर्ण अधिकार **संयुक्त निदेशक,राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, सचिवालय जयपुर** को होगा।

21–**संयुक्त निदेशक,राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, सचिवालय जयपुर** को बिना पूर्व सूचना के, बिना कोई कारण बताये संविदा/ठेका समाप्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

22– डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम, स्केनर एंव प्रिन्टर वारंटी अवधि में तत्काल ठीक करना होगा।

23–अनुबंधित फर्म द्वारा समस्त डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम, स्केनर एंव प्रिन्टर आदेश में उल्लेखित तिथि तक आपूर्ति एवं इंस्टालेशन करना होगा। समयावधि समाप्त होने के पश्चात फर्म द्वारा आपूर्ती करने पर भुगतान में विलम्ब होने एवं भुगतान नहीं होने के लिये विभाग जिम्मेदार नहीं होगा साथ ही विलम्ब के लिए नियमानुसार क्षतिपूर्ति राशि(एल.डी.) काटी जावेगी।

24–निविदादाता निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करेगा तथा अन्त में निविदा की समस्त शर्तों को स्वीकार करने के प्रमाण में हस्ताक्षर करेगा।

25–वित्तीय प्रस्तावों का मूल्यांकन आईटम वाईज किया जावेगा। आवश्यकता होने पर न्यूनतम दर दाता फर्म से निगोसिएशन किया जा सकेगा। निविदादाता प्रस्तुत की गयी दरें एफ0ओ0आर0 होंगी।

26–निविदा दाता उचित पेंकिग के लिए उत्तरदायी होगा ताकि किसी भी परिवहन की सामान्य स्थिति में उनमें कोई क्षति न हो तथा गन्तव्य स्थल पर माल प्राप्त कर्ता को माल की सुपुर्दगी अच्छी दशा में प्राप्त हो सके। किसी प्रकार की हानि/क्षति/टूट–फूट/कमी/छीजत होने के मामले मे निविदा दाता माल प्राप्त कर्ता द्वारा उन सामग्रियों की जांच/निरीक्षण किये जाने पर पाई गयी ऐसी हानि एवं कमी की पूर्ति करने केलिए उत्तरदायी होगा। इसके लिए कोई अतिरिक्त लागत स्वीकार नहीं की जावेगी।

27.–यदि केता अधिकारी किसी भी कारणवश निविदत्त वस्तुओं की खरीद नहीं करता है या निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट मात्रा से कम मात्रा में माल खरीदता है तो निविदा दाता किसी क्षतिपूर्ति का क्लेम करने का हकदार नहीं होगा।

28––यदि निविदादाता एसी शर्तें आरोपित करता है जो इसमें वर्णित शर्तों के अतिरिक्त है या उनके विरोध में है तो उसकी निविदा को रद्द कर दिया जावेगा।

29–केता अधिकारी किसी भी निविदा को जो आवश्यक रूप से न्यूनतम दर की निविदा नहीं है स्वीकार करने, बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को रद्द करने या जिन वस्तुओं के लिए निविदादाता ने निविदा दी है उन सब के लिए या किसी एक या अधिक के लिए निविदा को स्वीकार करने या एक फर्म से अधिक को स्टोर की मदों को वितरित करने के अधिकार को अपने पास आरक्षित रखेगा।

30–यदि उपापन समिति आवश्यक समझती है तो निविदा दाताओं को निगोसिएशन के लिए बुलाया जा सकेगा।

31–फर्म द्वारा उक्त सामान की आपूर्ति कार्यालय संयुक्त निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, सविवालय में करनी होगी। आपूर्ति के पश्चात् तकनीकी जांच एवं इंस्टालेशन संतोषजनक पाए जाने पर भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।

32–वारंटी अवधि में कोई भी खराबी आने पर आपूर्ति कर्ता को सात दिवस में दुरस्त करना होगा अन्यथा विभाग अनुमोदित फर्म की रिस्क एंव कॉस्ट पर बाहर से मरम्मत कार्य करवा सकेगा।

33– निविदा दाता द्वारा प्रस्तुत किये जा रहे मेक एंड ब्राण्ड का नाम एवं उसकी स्पेशिफिकेशन का पूर्ण विवरण बिड के साथ संलग्न करना होगा। जो विभाग द्वारा चाहे गये स्पेशिफिकेशन के अनुसार या उससे उच्च लेवल का होना चाहिए।

**संयुक्त निदेशक**
**राज्य बीमा एव प्रावधायी निधि विभाग,**
**सचिवालय जयपुर**

**मैनें/हमने उपरोक्त सभी शर्तो का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लिया है तथा मैं/हम सभी शर्तो को मानने के लिये अपनी सहमति प्रदान करता हूँ/करते है।**

**निविदादाता के हस्ताक्षर**
**नाम**..........................................................
**पूरा पता**....................................................
**मोबाईल/टेलिफोन नं**...............................

परिशिष्ट –स

**राजस्थान सरकार**

**कार्यालय संयुक्त निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, सचिवालय जयपुर**

**डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम, स्केनर एंव प्रिन्टर क्रय की दरें देने का प्रपत्र**

डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम, स्केनर एंव प्रिन्टर क्रय की दरें भरकर निविदादाता हस्ताक्षर करें। कार्य की दरें अंकों एवं शब्दों में अंकित करें।

| क्र. सं. | डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम, स्केनर एंव प्रिन्टर स्पेशिफिकेशन | | मात्रा | दर प्रति युनिट (समस्त कर/जीएसटी सहित) अंको/शब्दों में |
|---|---|---|---|---|
| **1** | **DESKTOP COMPUTER i5** | | **02** | |
| | **ITEM** | **MINIMUM TECHNICAL SPECIFICATIONS** | | |
| | Processor | Intel i5/AMD Rezen-5 (10th Generation/equivalent AMD ) 6 core with minimum 3.0 GHz or higher(Base Frequency), 12 MB cache or higher | | |
| | Chipset | Compatible Intel/AMD chipset | | |
| | Motherboard | OEM Motherboard | | |
| | Operating System | Pre-Installed Genuine OEM Microsoft Windows 10 Professional (64 bit) with OEM recovery partition/recovery DVD | | |
| | Graphics | Integrated Graphics Card | | |
| | Memory(RAM) | 8GB DDR4 2666/2933 MHz or higher with minimum 2 DIMM Slots, Expendable up to 32 | | |
| | Storage | 1 TB 7200 RPM SATA Drive and/or 512 GB SSD | | |
| | Optical drive | DVD R/W | | |
| | Ports | Minimum 6 USB ports with at least 2 USB 3.0 or higher ports, 1 VGA, HDMI audio jack for headphone & microphone | | |
| | Display | Minimum 21.5 inch or higher Resolution 1920*1080 or higher Display TCO certified | | |
| | Office | Open office updated version(freeware) | | |
| | Antivirus | Preloaded (latest Version) Internet Security of trend micro/Quick Heal/Symantec/ Sophos / Kaspersky with 3 years subscription | | |
| | Certification | ROHS Compliance, energy star, Certified for supplied OS | | |
| | Keyboard & Mouse | OEM USB Keyboard & OEM USB two button optical Mouse with mouse pad | | |
| | Network Interface | Integrated 10/100/1000 GB Ethernet | | |
| | Accessories | All necessary cables(Power & data cables ) 3 Mtr CAT 6 patch cord to be included | | |
| | Warranty | 3 years comprehensive on site OEM warranty | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2 | **SCANNER** | | 01 | |
| | **PARAMETERS** | **MINIMUM TECHNICAL SPECIFICATIONS** | | |
| | ADF Capacity | 50 sheets | | |
| | Scanning | Simplex/Duplex | | |
| | Scanning Resolution | Up to 2400*2400 dpi | | |
| | Scan Speed | 20 PPM or higher | | |
| | Interface | USB 2.0 | | |
| | Sensor | Contact Image | | |
| | Sensor Format | PDF/PDF/A | | |
| | Light Source | LED | | |
| | Operating System Support | Windows/Mac | | |
| | Bundled S/w Solutions | Industry standard interfaces for connecting software e.g. Windows ISIS/TWAIN and Mac TWAIN drivers | | |
| | Accessories | USB Cable, AC adaptor, Power Cable, Setup guide document, Installation software (Driver CD) | | |
| | Certification | Energy Star, BIS and ISO for OEM | | |
| | Warranty | 3 years comprehensive on site OEM warranty | | |
| 3 | **PRINTER INKJET MONOCHROME** | | 01 | |
| | **ITEM** | **MINIMUM TECHNICAL SPECIFICATIONS** | | |
| | Type | Ink Tank, Monochrome | | |
| | Print Speed | 20 PPM | | |
| | Functions | Print | | |
| | Duty Cycle(Monthly) | 10000 pages | | |
| | Duplex Printing | Auto | | |
| | Port | USB Ethernet | | |
| | Tray | Input Tray: Min 100 sheets<br>Output Tray: Min 100 sheets | | |
| | Certification | BIS, ISO for OEM | | |
| | Processor | 500 MHz or higher | | |
| | Memory | 64 MB or higher | | |
| | Operating System | Windows and Linux | | |
| | Warranty | 3 years comprehensive on site OEM warranty | | |

1–उक्त दरों मे जीएसटी नियमानुसार सम्मिलित की जाये ।

2–बिड में दी गई डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम, स्केनर एंव प्रिन्टर की संख्या में कमी/बढ़ोतरी की जा सकती है।

3– डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम, स्केनर एंव प्रिन्टर का मेक अंकित करना होगा।

4– डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम, स्केनर एंव प्रिन्टर की वारंटी अवधि 3 years comprehensive on site OEM warranty from date of installationहोगी।

5– डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम, स्केनर एंव प्रिन्टर सूची के अनुसार कार्यालय के भण्डार में आदेश जारी होने की तिथि से 07 दिवस में आपूर्ति करनी होगी।

6–आदेशित पूर्ण सामग्री प्राप्त होने के बाद निर्धारित स्टाम्प पेपर पर अनुबंध निष्पादित होने पर ही सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के तहत् भुगतान किया जावेगा। भुगतान करते समय 2 प्रतिशत जी0एस0टी0 काटी जावेगी। उपापन संस्था न्यूनतम दर वाली संविदा को स्वीकार किये जाने के लिए बाध्य नहीं है तथा वह किसी भी बिड को या उसके किसी भी भाग को बिना कोई कारण बताए रद्द कर सकेगी।

7–अधिकृत डीलर/निर्माता कम्पनी द्वारा उक्त के संबंध में अपनी योग्यता प्रमाण पत्र/अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है । फर्म द्वारा निर्धारित राशि के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध आदेश जारी होने के 3 दिवस में प्रस्तुत करने होंगे।

8–डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम, प्रिन्टर एंव स्केनर उपकरण अधिकृत विक्रेता द्वारा आपूर्ति करने होंगे एंव अधिकृत विक्रेता का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

9–बिड के साथ जी0एस0टी0 पंजीयन प्रमाण पत्र एवं दिनांक 31.12.2021 तक जी0एस0टी0 चुकता प्रमाण पत्र तथा आयकर विभाग द्वारा जारी पेन कार्ड की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

10–प्रतिष्ठित एंव प्रचलित ब्राण्ड यथा **WIPRO, HP, DEL, LENOVO, CANON, EPSON, ACER,** आदि के उत्पादों की निविदाएं ही मान्य होगी। **0EM** की वारण्टी/निर्माता की वारण्टी/गारण्टी3 years comprehensive on site OEM warranty from date of installationउपलब्ध कराने पर ही भुगतान किया जावेगा।

**निविदादाता के हस्ताक्षर**

**नाम व पूरा पता**

परिशिष्ट–द

राजस्थान सरकार

कार्यालय संयुक्त निदेशक राज्य बीमा एव प्रावधायी निधि विभाग, सचिवालय जयपुर

**निविदा दाता द्वारा प्रस्तुत आईटमों का स्पेशिफिकेशनः–**

1. डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम :– मेक एण्ड ब्राण्ड..........................................

(उत्पादन कर्ता का स्पेशिफिकेशन संलग्न है।)

| क्र.सं. | आईटम का नाम | फर्म द्वारा दिए जा रहे स्पेसिफिकेशन | निर्धारित स्पेसिफिकेशन के अनुसार है या नहीं(Yes/Upper level) |
|---|---|---|---|
| | | | |

2. स्केनर :– मेक एण्ड ब्राण्ड..........................................

(उत्पादन कर्ता का स्पेशिफिकेशन संलग्न है।)

| क्र.सं. | आईटम का नाम | फर्म द्वारा दिए जा रहे स्पेसिफिकेशन | निर्धारित स्पेसिफिकेशन के अनुसार है या नहीं(Yes/Upper level) |
|---|---|---|---|
| | | | |

3. प्रिन्टर :– मेक एण्ड ब्राण्ड..........................................

(उत्पादन कर्ता का स्पेशिफिकेशन संलग्न है।)

| क्र.सं. | आईटम का नाम | फर्म द्वारा दिए जा रहे स्पेसिफिकेशन | निर्धारित स्पेसिफिकेशन के अनुसार है या नहीं(Yes/Upper level) |
|---|---|---|---|
| | | | |

निविदादाता के हस्ताक्षर

नाम व पूरा पता